हरिभूमि

# सोनीपत भूमि

रोहतक, मंगलवार 16 जून 2026


**तापमान**

अधिकतम 36.1 डिग्री से.
न्यूनतम 25.7 डिग्री से.


12 रेलवे रोड के लिए मंगवाई डेकोरेटिव लाइटों से...





12 समस्याएं लेकर जनता दरबार में पहुंचे लोग...




## खबर संक्षेप

### एल्युमिनियम चोरी में तीसरा आरोपित पकड़ा

**सोनीपत।** थाना बहालगढ़ पुलिस ने श्री एंटरप्राइजेज फैक्ट्री से एल्युमिनियम की चोरी के मामले में तीसरे आरोपित फैजान पुत्र शहकाबत निवासी रामपुर, उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है। आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार फैक्ट्री मैनेजर पंकज पुत्र कमल कांत ने 9 मई को शिकायत दर्ज कराई थी कि फैक्ट्री के स्टोर से बड़ी मात्रा में एल्युमिनियम का सामान गायब मिला। सीसीटीवी फुटेज की जांच में 23 अप्रैल की रात मनीष पुत्र बलराज निवासी बहालगढ़ चोरी करते हुए दिखाई दिया। पूछताछ में उसने अपने साथी रिशु उर्फ टुंडा पुत्र विजय निवासी बलिया, उत्तर प्रदेश का नाम भी बताया था। मामले में महिला उपनिरीक्षक पूजा की टीम ने पहले मनीष और रिशु उर्फ टुंडा को पकड़ा था।

### अवैध पिस्तौल व कारतूस के साथ आरोपी दबोचा

**सोनीपत।** क्राइम यूनिट वेस्ट की टीम ने अवैध हथियार रखने के मामले में सन्नी उर्फ पहलवान पुत्र निर्मलजीत निवासी गांव माडोठीं, जिला झज्जर हाल निवासी टेहा, जिला सोनीपत को गिरफ्तार किया है। आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर संदिग्ध को काबू किया। तलाशी के दौरान उसकी पैंट की जेब से .315 बोर का अवैध पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ।

### कैफे कर्मी से झपटमारी के तीन युवक गिरफ्तार

**सोनीपत।** मुरथल थाना पुलिस ने कैफे कर्मचारी से बैग छीनने की घटना का खुलासा करते हुए तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों की निशानदेही पर छीना गया बैग और वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है। पुलिस के अनुसार दिल्ली के नरेला निवासी गौतम कुमार, जो मुरथल स्थित एक कैफे में कार्यरत हैं, ने शिकायत दी थी कि रविवार देर रात कैफे बंद करने के बाद वह पैदल कुराड़ मोड़ की तरफ जा रहे थे। छीना-झपटी के दौरान एक युवक मौके पर गिर गया, जबकि उसके दो साथी बैग लेकर फरार हो गए।

### ओपन महिला चेस टूर्नामेंट में नम्रता प्रथम

**सोनीपत।** डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन की ओर से सोमवार को बाबा तराना रोड स्थित एमजी मॉल में जिलास्तरीय ओपन महिला चेस टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महिलाओं के साथ बच्चों ने भी भाग लेकर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम की शुरुआत एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने प्रतिभागियों का परिचय प्राप्त करके की। एसोसिएशन के संयुक्त सचिव मनोज वर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में नम्रता हरितास ने प्रथम व मान्या शर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जितेंद्र ने बताया कि दोनों प्रतिभागी अब राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व करेंगी।

## चक्रवातीय सर्कुलेशन और पश्चिमी विक्षोभ से बदला मौसम, सप्ताह के अंत तक राहत के आसार

# दिल्ली-एनसीआर में प्री-मानसून की दस्तक तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी ने दी राहत

**सुबह हल्की बूंदाबांदी के बाद जिले में पूरे दिन आसमान में छाए रहे बादल, दोपहर के बाद तेजी आंधी के साथ हुई बारिश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप से परेशान दिल्ली-एनसीआर और सोनीपत के लोगों के लिए राहत भरी खबर है। क्षेत्र में सोमवार को सक्रिय हुए एक पश्चिमी विक्षोभ के कारण प्री-मानसून गतिविधियों ने दस्तक दे दी है। सोमवार सुबह से ही जिले के अधिकांश हिस्सों में मौसम का मिजाज बदला हुआ नजर आया। सुबह के समय जहां हल्की बूंदाबांदी दर्ज की गई, वहीं पूरे दिन आसमान में घने बादल छाए रहे। दोपहर के बाद मौसम ने एक बार फिर करवट बदली और तेज धूल भरी आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। इस मौसमी बदलाव से उमस और तपती गर्मी से जूझ रहे आम जनमानस को बड़ी राहत मिली है। तापमान में गिरावट आने से मौसम सुहावना हो गया है। सोमवार को जिले का अधिकतम तापमान बत्तीस डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान पच्चीस डिग्री सेल्सियस के करीब रहा। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो इस पूरे सप्ताह मौसम का मिजाज इसी तरह परिवर्तनशील बना रहेगा। एक के बाद एक आने वाले बैक टू बैक पश्चिमी विक्षोभों के कारण सप्ताह के अंत तक बारिश का सिलसिला रुक-रुक कर जारी रहने की पूरी उम्मीद है।

मानसून जैसे-जैसे दक्षिण और मध्य भारत के हिस्सों से आगे बढ़ते हुए उत्तर भारत की तरफ रुख कर रहा है, वैसे-वैसे दिल्ली-एनसीआर के वायुमंडल में भी तेजी से बदलाव देखा जा रहा है। चौदह जून की रात से ही एक नया पश्चिमी विक्षोभ उत्तर भारत के पहाड़ी क्षेत्रों में सक्रिय हो चुका है। इसके साथ ही मैदानी इलाकों में एक मजबूत चक्रवातीय सर्कुलेशन यानी चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र विकसित हुआ है। इन दोनों प्रणालियों के संयुक्त प्रभाव के कारण दिल्ली-एनसीआर में प्री-मानसून की गतिविधियां समय से पहले ही जोर पकड़ने लगी हैं। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, सत्रह जून तक क्षेत्र में तेज रफ्तार हवाएं चलने और मध्यम से भारी बारिश होने की प्रबल संभावना है। इसके बाद, उन्नीस और बीस जून को एक बार फिर से वायुमंडल में थंडरस्टॉर्म यानी गरज-चमक वाले बादल विकसित होंगे, जिससे तेज आंधी के साथ भारी वर्षा के आसार बन रहे हैं। इन परिस्थितियों को देखते हुए इस पूरे सप्ताह तापमान में किसी भी तरह की बड़ी बढ़ोतरी होने की कोई गुंजाइश नजर नहीं आ रही है।



सोनीपत। धूल भरी आंधी। *फोटो : हरिभूमि*

### ड्रेनों की सफाई में जुटा प्रशासन

प्री-मानसून की शुरुआत और आगामी मुख्य मानसून सीजन के दौरान ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में जलभराव की गंभीर समस्या से निपटने के लिए सिंचाई विभाग ने अपनी तैयारियां युद्ध स्तर पर शुरू कर दी हैं। विभाग द्वारा ग्रामीण अंचलों में पानी की सुचारू निकासी सुनिश्चित करने के लिए ड्रेनों और छोटे रजबाहों की सफाई का काम बेहद तेज कर दिया गया है। मुख्य उद्देश्य यह है कि भारी बारिश की स्थिति में खेतों और रिहायशी इलाकों में पानी जमा न हो सके और फसलों को नुकसान से बचाया जा सके। प्रशासन की ओर से महलाना, ककरोई और बैयापुर सहित दर्जन भर गांवों से होकर गुजरने वाली जुआं ड्रेन की गाद निकालने का काम तेजी से किया जा रहा है। इसके साथ ही भटगांव, नकलोई, निरथान और सेहरी ड्रेन की सफाई का काम लगभग अंतिम चरण में पहुंच चुका है।

### जुलाई के पहले पखवाड़े में प्रदेश में एंट्री करेगा मानसून, लाभ की उम्मीद

मौसम विज्ञानियों के विश्लेषण के अनुसार, इस साल दिल्ली-एनसीआर के क्षेत्रों में मुख्य मानसून के पहुंचने में सामान्य से कुछ दिनों की देरी हो सकती है। आमतौर पर दिल्ली और हरियाणा के इलाकों में मानसून तीस जून या जुलाई के शुरुआती एक-दो दिनों के भीतर पहुंच जाता है। परंतु वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए इस बार मानसून की विधिवत दस्तक जुलाई महीने के पहले सप्ताह के अंत में या दूसरे सप्ताह की शुरुआत में होने की संभावना जताई जा रही है। गौरतलब है कि उत्तर भारत में मानसून का मुख्य सीजन जुलाई, अगस्त और सितंबर के महीनों का होता है। राहत की बात यह है कि विशेषज्ञों ने इस वर्ष मानसून के सामान्य रहने की भविष्यवाणी की है, जिससे कृषि क्षेत्र को बेहतर लाभ मिलने की उम्मीद है।

### ग्राम पंचायतों में तालाबों की खुदाई और जीर्णोद्धार के काम में तेजी

ड्रेनों की सफाई के अतिरिक्त, जिले की कई ग्राम पंचायतों ने अपने स्तर पर स्थानीय तालाबों की खुदाई और गहरीकरण का कार्य भी शुरू करवा दिया है। अमूमन मानसून के दिनों में ग्रामीण क्षेत्रों के तालाब ओवरफ्लो होकर गलियों और घरों में घुस जाते हैं, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इस बार पंचायतों का प्रयास है कि बारिश शुरू होने से पहले तालाबों की क्षमता को बढ़ा दिया जाए ताकि वे वर्षा जल को आसानी से समाहित कर सकें। इस कदम से न केवल जलभराव रुकेगा, बल्कि भूजल स्तर में भी सुधार देखने को मिलेगा।

### किसान कुछ दिन टालें फसलों की बिजाई

दिल्ली-एनसीआर के आसमान पर पश्चिमी विक्षोभ पूरी तरह सक्रिय हो चुका है। आने वाले दिनों में चक्रवातीय सर्कुलेशन के और मजबूत होने की उम्मीद है, जिससे दिल्ली-एनसीआर के ऊपर एक टर्फ रेखा बनने की स्थितियां पैदा हो रही हैं। इन भौगोलिक बदलावों के कारण सप्ताह के अंत तक प्री-मानसून की गतिविधियां लगातार जारी रहेंगी। इस दौरान न केवल अधिकतम तापमान में गिरावट आएगी, बल्कि लोगों को झुलसाने वाली गर्म हवाओं यानी लू के थपेड़ों से भी पूरी तरह निजात मिल जाएगी। मौसम विशेषज्ञों ने किसानों का आह्वान किया है कि वे आने वाली सत्रह जून तक अपनी फसलों की बिजाई की प्रक्रिया को कुछ समय के लिए टाल दें, ताकि तेज हवाओं और बारिश से नई पौध को नुकसान न पहुंचे। **-डा. प्रेमदीप**, वैज्ञानिक, केवीके, जगदीशपुर।

## महिला से दुष्कर्म व ब्लैकमेलिंग के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

- आरोपी दिलशाद और शावेज अली ने सोशल मीडिया पर फोटो वायरल करने की दी धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

सेक्टर सत्ताईस थाना पुलिस ने एक महिला के साथ दुष्कर्म करने और उसकी आपत्तिजनक तस्वीरें वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने इस मामले में संलिप्त दो आरोपितों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान दिलशाद निवासी भट्ठा कॉलोनी, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश और शावेज अली निवासी हरिद्वार, उत्तराखंड के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपितों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार सोनीपत की रहने वाली एक महिला ने उन्नीस मई को सेक्टर सत्ताईस थाना में शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़िता ने आरोप लगाया था कि उसका परिचित दिलशाद उसे अच्छी तरह जानता था और उसने उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया।

इस घिनौने कृत्य के बाद दिलशाद का दोस्त शावेज अली भी इस अपराध में शामिल हो गया। दोनों आरोपित पीड़िता की आपत्तिजनक तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल करने और उसके पति व परिजनों को भेजने की धमकी देने लगे। ब्लैकमेलिंग के इस खेल में दोनों आरोपितों ने मिलकर पीड़िता से मोटी रकम की मांग की। आरोपितों ने महिला पर दबाव बनाया कि यदि उन्हें पैसे नहीं दिए गए तो वे उसकी तस्वीरों को सार्वजनिक कर उसका सामाजिक जीवन बर्बाद कर देंगे। पीड़िता की इस शिकायत पर पुलिस ने तुरंत संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर तफ्तीश शुरू कर दी।

### शराब ठेके से नकदी और महंगी बोतलें चोरी, विक्रेता पर आरोप

- करीब डेढ़ लाख रूपये की नकदी और 16 शराब की बोतले चोरी, दो माह पहले रखा था विक्रेता

**सोनीपत।** बस स्टैंड के सामने स्थित एक शराब ठेके से नकदी और महंगी शराब की बोतलें चोरी होने का मामला सामने आया है। ठेका संचालक ने अपने ही सेल्समैन और उसके एक साथी पर वारदात को अंजाम देने का आरोप लगाते हुए सिविल लाइन थाना में शिकायत दी है। सेक्टर-23 निवासी जोगिंद्र ने पुलिस को बताया कि उनका बस स्टैंड के सामने शराब का ठेका है। करीब दो माह पहले उन्होंने उत्तर प्रदेश के मैनपुरी निवासी रामू को सेल्समैन के रूप में काम पर रखा था। आरोप है कि रामू ने एक अन्य युवक के साथ मिलकर ठेके से लगभग डेढ़ लाख रुपये की नकदी और 16 शराब की बोतलें चोरी कर लीं। चोरी हुई बोतलों में कई महंगे ब्रांड भी शामिल बताए गए हैं। शिकायतकर्ता का कहना है कि पूरी घटना ठेके पर लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हुई है। आरोपित कथित रूप से एक स्विफ्ट डिजायर कार में आए थे और वारदात के बाद फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सोमवती अमावस्या पर हरिद्वार जा रहे दो भाइयों को वाहन ने मारी टक्कर, एक की मौत

- गांव पलड़ी कलां के पास एनएच-334बी पर हुआ हादसा,केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

सोमवती अमावस्या के पावन अवसर पर उत्तराखंड के हरिद्वार में गंगा स्नान करने जा रहे दो चचेरे भाइयों की मोटरसाइकिल को नेशनल हाईवे-334बी पर गांव पलड़ी कलां के समीप एक तेज रफ्तार वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। इस दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका चचेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। बहालगढ़ थाना पुलिस को दी शिकायत में शंभू शाह ने बताया कि उनका छोटा भाई गोविंद कुमार सोनी (29) आभूषण बनाने का काम करता था। सोमवार को तड़के गोविंद अपने चचेरे भाई सुजित के साथ मोटरसाइकिल से हरिद्वार गंगा स्नान के लिए निकला था। जब दोनों भाई सोनीपत के गांव पलड़ी कलां के पास पहुंचे, तो एक अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में गोविंद कुमार को गंभीर चोटें आईं और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि सुजित भी घायल हो गया। राहगीरों ने तुरंत हादसे की सूचना एम्बुलेंस और स्थानीय पुलिस को दी।

### रोहणा में नहर में डूबने से 3 वर्षीय मासूम की मौत

गांव रोहणा में एक दर्दनाक हादसे में 3 वर्षीय मासूम बच्चे की नहर में डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। हार्दिक कुमार (3 वर्ष), निवासी बलवा, तहसील सरायगढ़, जिला मधेपुरा (बिहार), हाल निवासी गांव रोहणा, रिलायंस चैनल नहर के पास खेल रहा था। खेलते समय अचानक उसका पैर फिसल गया और वह नहर में जा गिरा। काफी देर तक बच्चे के दिखाई न देने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। परिजनों और ग्रामीणों द्वारा की गई खोजबीन के दौरान बच्चे का शव गांव खुर्मपुर के पास नहर से बरामद हुआ। इसके बाद परिजन उसे तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खरखौदा लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

### मांगों को लेकर कच्चे कर्मचारियों ने कार्यकारी अभियंता को सौंपा ज्ञापन, आंदोलन की चेतावनी



**सोनीपत।** राज्य कमेटी के आह्वान पर जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कार्यकारी अभियंता के माध्यम से प्रमुख अभियंता, पंचकूला को ज्ञापन भेजा। प्रदर्शन का नेतृत्व जिला प्रधान देशराज नैन ने किया, जबकि संचालन जिला सचिव राजेश कुमार ने किया। कर्मचारियों ने सभी कच्चे कर्मचारियों को नियमित करने, समान काम-समान वेतन लागू करने, ग्रामीण पेयजल योजनाओं को ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित करने पर रोक लगाने, समाप्त किए गए पदों को बहाल करने तथा नए पद सृजित करने की मांग उठाई। इसके अलावा वेतन विसंगतियां दूर करने, पदोन्नति नियमों में संशोधन, एलटीसी भुगतान, धुलाई भत्ता, कैशलेस मेडिकल सुविधा और जोखिम भत्ता देने की मांग की। कर्मचारी नेताओं ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने पर 4 जुलाई को सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी और 18 जुलाई को जनस्वास्थ्य मंत्री रणबीर गंगवा के कैंप कार्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा। मौके परमुल्क सिंह, मुकेश, नरेश कुमार, सतीश कुमार, जगनारायण, श्रीकृष्ण, लालमणि, अमित, प्रदीप, संजय, सुनील आदि रहे।

### एसडीएम ने शिविर में सुनी 20 शिकायतें



**सोनीपत।** एसडीएम सुभाष चंद्र ने सोमवार को लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में 20 शिकायतें प्राप्त हुई। शिविर के दौरान जुआं-2 गांव के पंच दीपक ने गांव की गलियों में नालियों का पानी बहता है जिसकी निकासी बारे शिकायत, नाथूपुर निवासी के द्वारा बढ़खालसा में जमीन एक्वायर होने के पश्चात जमीन के बदले जमीन दिलवाने बारे, सोनीपत काठमंडी वाली गली में अतिक्रमण हटवाने बारे, मेडिकल बिल के पैसे दिलवाने बारे, जुआं वेस्ट ड्रेन की सफाई व खुदाई सुचारू रूप से न करने व ठेकेदार के साथ मिली भगत की शिकायत प्राप्त हुई, जिसपर एसडीएम सुभाष चंद्र ने बीडीपीओ, तहसीलदार, पब्लिक हेल्थ व अन्य संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर जांच करने के निर्देश दिए। इसी तरह से गांव फरमाणा के सरकारी स्कूल की जमीन से अवैध कब्जा हटवाने बारे, भटाना जाफराबाद निवासी के द्वारा खेत का ट्रांसफार्मर व पोल को ठीक करवाने की बारे, प्रोपर्टी आईडी ठीक करवाने बारे, गन्नौर बस स्टैंड पर आमजन के बैठने के लिए शैड लगवाने बारे आदि शिकायतें प्राप्त हुई। इस मौके पर एसीपी राजदीप मोर, डीडीपीओ मनीष मलिक, तहसीलदार कीर्ति व अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### जॉब सिक्योरिटी लेटर में देरी पर कर्मियों में रोष



**सोनीपत।** हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच से संबंधित हुडा जन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन की जिला कमेटी सोनीपत की सभा रविवार को एचएसवीपी परिसर सेक्टर-15 स्थित यूनियन कार्यालय में आयोजित की गई। सभा की अध्यक्षता जिला प्रधान सुरेंद्र सिंह ने की, जबकि संचालन जिला सचिव योग प्रकाश नागर ने किया। सभा को संबोधित करते हुए यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष आरके नागर ने बताया कि सरकार द्वारा 15 जून तक हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन) कर्मचारियों को जॉब सिक्योरिटी गारंटी लेटर जारी करने की बात कही गई थी, लेकिन निर्धारित समय तक किसी कर्मचारी को लेटर जारी नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि एचएसवीपी सोनीपत के दोनों डिवीजनों से 98 कर्मचारियों के पुराने टेंडरों की प्रतियां सत्यापन के लिए रोहतक और फिर मुख्यालय पंचकूला भेजी गई हैं। सत्यापन प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही लेटर जारी किए जाएंगे। सभा में कर्मचारियों ने सरकार और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ नाराजगी जताई।



गोहाना। विधायक को ज्ञापन सौंपते हुए किसान। *फोटो : हरिभूमि*

### किसानों की आवाज को विस में उठाने का आश्वासन

**गोहाना।** सिवानी से जाजी तक प्रस्तावित पावरग्रिड की हाईटेंशन बिजली लाइनों के लिए भूमि अधिग्रहण और मुआवजा निर्धारण प्रक्रिया को लेकर गांव गुहणा में चल रहे किसानों के धरने पर बरोदा हलका के विधायक इंदुराज नरवाल पहुंचे। उन्होंने किसानों की मांगों का समर्थन किया और विधानसभा में आवाज उठाने का आश्वासन दिया। धरने में गुहणा, भैंसवाल कलां, आंवली, बिलबिलान, मोहाना और जाजी सहित कई गांवों के किसान शामिल हुए। किसानों ने विधायक को पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नाम ज्ञापन सौंपते हुए अपनी समस्याओं से अवगत कराया। विधायक ने हुड्डा से मोबाइल पर बातचीत कर किसानों को उनसे मिलने का समय दिलवाया। किसान बाजार भाव के अनुसार मुआवजे की मांग कर रहे हैं। विधायक नरवाल ने कहा कि कांग्रेस किसानों के अधिकारों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी और उनके साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। अमरजीत सिंह, वजीर सिंह, अभिमन्यु, संदीप मौजूद थे।

## विभाग ने स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार व स्थिति में सुधार लाने को मुहैया करवाई थी नई डिजिटल एक्स-रे मशीन

# स्वास्थ्य सुविधाओं के हाल बेहाल, नागरिक अस्पताल में पांच महीने से शोपीस बनी नई एक्स-रे मशीन, फांक रही धूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

**अलग खबर**



दिल्ली रोड स्थित नागरिक अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति सुधरने का नाम नहीं ले रही है। मरीजों की सुविधा व स्वास्थ्य लाभ के लिए मुहैया करवाई गई नई एक्स-रे मशीन 5 माह से शोपीस बनकर रही है। अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचने मरीजों की सुविधा के लिए अब तक मशीन का श्रीगणेश नहीं किया गया है। मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की ओर से भेजी गई नई एक्स-रे मशीन अस्पताल के कक्ष नंबर 61 में स्थापना के बावजूद तकनीकी कार्य पूरा न होने से धूल फांक रही है। बता दें कि नागरिक अस्पताल में रोजाना करीब 2000 मरीज अपना इलाज करवाने के लिए पहुंचते हैं। इनमें से करीब 200 मरीजों को डॉक्टर इलाज के लिए एक्स-रे करवाने का परामर्श देते हैं, क्योंकि उन्हें मरीजों का इलाज शुरू करने से पहले एक्स-रे रिपोर्ट की जरूरत पड़ती है। ऐसे में फिलहाल अस्पताल में उपलब्ध मात्र एक एक्स-रे मशीन के सहारे करीब 200 मरीजों की जांच निर्भर है। इससे मरीजों को अपनी बारी के लिए घंटों इंतजार भी करना पड़ रहा है। यही कारण है कि एक्स-रे कक्ष के बाहर रोजाना काफी संख्या में मरीजों की भीड़ एकत्रित रहती है। इलाज शुरू करवाने के लिए मरीज बेबस होकर 2-2 घंटे तक बारी का इंतजार को मजबूर रहते हैं। मरीजों की सुविधा के उद्देश्य से विभाग ने अस्पताल को नई डिजिटल एक्स-रे मशीन मुहैया करवाई थी। उक्त मशीन को कक्ष नंबर 61 में स्थापित करवाया गया है, लेकिन इसके संचालन के लिए वायरिंग व अन्य तकनीकी कार्य अब तक पूरे नहीं हो पाए हैं। इलाज के लिए आने वाले मरीजों ने बताया कि अगर प्रबंधन नई डिजिटल एक्स-रे मशीन का संचालन शुरू कर देता है, तो इससे मरीजों को लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। मरीजों को उम्मीद है कि लंबे समय से बंद पड़ी इस मशीन का लाभ उन्हें जल्द मिल सकेगा। वहीं अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि डिजिटल एक्स-रे मशीन का संचालन करने के लिए संबंधित कुछ तकनीकी कार्यों को जल्द पूरा करवाने का प्रयास किया जा रहा है। मशीन शुरू होने के बाद एक्स-रे जांच की क्षमता बढ़ेगी, अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं में भी सुधार आएगा।

### अभी कुछ पार्ट आने शेष

मुख्यालय से मिली नई डिजिटल एक्स-रे मशीन का संचालन शुरू करने के लिए कुछ पार्ट की आवश्यकता है। इसके अलावा अन्य कार्यों को पूरा करवा लिया गया है। शेष पार्ट भी करीब 10 दिन के अंदर आने के उम्मीद है। इसके बाद कक्ष नंबर 61 में स्थापित नई डिजिटल एक्स-रे मशीन को शुरू करवा दिया जाएगा, ताकि मरीजों को सुविधा मिल सके। *डॉ. आदित्य, डीएमएस, नागरिक अस्पताल, सोनीपत*

हरिभूमि
# सहेली



विशेष
पिता दिवस-योग दिवस
21 जून

# पिता अब छिपी-छिपी नहीं रही प्रेम की अभिव्यक्ति

एक समय था, पिता की छवि एक सख्त व्यक्ति की होती थी, ऐसा भी नहीं था कि वे अपने बच्चों से स्नेह-प्रेम नहीं करते थे, करते थे लेकिन अभिव्यक्त नहीं करते थे। इस कारण बच्चों और पिता के बीच रिश्तों में वह ऊष्मा नजर नहीं आती थी, जो होनी चाहिए। लेकिन आज पिता अपने बच्चों के साथ अपने रिश्तों को अभिव्यक्त कर रहे हैं। बेटियों के साथ तो उनके रिश्तों के रंग बहुत ही अलग हैं।

आवरण कथा

कल्पना मनोरमा, साहित्यकार

मां का प्रेम-स्नेह अकसर शब्दों और स्पर्शों में सहज ही दिखाई देता है, जबकि पिता अपने प्रेम को व्यक्त नहीं कर पाते। पीढ़ी-दर-पीढ़ी उन्होंने अपने पिता को मौन रहकर जिम्मेदारियां निभाते देखा, इसलिए वे भी अपने प्रेम को त्याग और कर्तव्य के पीछे छिपाते रहे। पिता हर संघर्ष का चुपचाप सामना करते हुए परिवार की सुरक्षा-स्थिरता का आधार बने रहे। पिता की इस छवि को गढ़ने की जिम्मेदारी केवल समाज की नहीं, परिवार की स्त्रियों की भी रही। आखिर हर पिता पहले एक बेटा होता है, उसे पिता बनने का कोई औपचारिक पाठ नहीं पढ़ाया जाता। वह अपने आस-पास के व्यवहारों, संकेतों और अपेक्षाओं से सीखता रहा। बचपन से अपनी मां, दादी, बुआ, मौसी और नानी से उसे मजबूत बने रहने, कमजोरी न दिखाने और भावनाओं पर नियंत्रण रखने की सीख दी जाती रही। कोमलता और कठोरता के बीच एक अदृश्य रेखा खींच दी गई। पिता से अपेक्षा की गई कि वह घर की जिम्मेदारियां उठाए, कठिन परिस्थितियों में संयम बनाए रखे और हर संकट में अडिग खड़ा रहे। नतीजा यह हुआ ये बातें समय के साथ उसके स्वभाव का हिस्सा बन गईं। पिता अपनी संतान से प्रेम तो करता रहा, पर उसे व्यक्त करने में संकोच करता।

## पिता की परंपरागत छवि

पुरानी पीढ़ी के परिवारों में पिता का व्यक्तित्व अनुशासन का पर्याय माना जाता था। उनकी मौजूदगी भर से घर का माहौल बदल जाता था। बच्चे उनसे डरते थे, लेकिन एक भरोसा भी करते थे। वे बच्चों के साथ बैठकर लंबी बातचीत भले न करते हों, लेकिन उनकी पढ़ाई, भविष्य को लेकर लगातार सजग रहते थे। अपने संघर्षों का बोझ परिवार पर डालने के बजाय पिता उसे स्वयं ही उठाते रहे। कई लोगों की स्मृतियों में पिता ऐसे व्यक्ति के रूप में बसे हैं, जिन्होंने उनके लिए हर संभव प्रयास किया, लेकिन शायद ही कभी सिर पर हाथ रखकर पूछा हो, 'तुम खुश तो हो बेटा?' यह अभाव हमेशा बच्चों के मन में शिकायत नहीं बनता, फिर भी किसी कोने में बना रहता है। बच्चे उनके स्नेह को शब्दों में नहीं, कर्मों में पढ़ना जानते थे-फीस भर देने में, देर रात तक काम करते रहने में, बीमारी के दौरान सिरहाने बैठे रहने में या अपनी इच्छाओं को पीछे रख देने में। दरअसल, पुरुषों की कई पीढ़ियां ऐसे वातावरण में बड़ी हुईं, जहां कोमलता को मान नहीं मिलता था। उन्हें बताया गया कि भावुक होना एक कमजोरी है। आंसू छिपाने हैं, डर प्रकट नहीं करना है, मन की बात अपने भीतर रखनी है। यही कारण है कि अनेक पिता अपने बच्चों के सामने सहज नहीं हो पाए। उन्होंने अपने लगाव को जिम्मेदारियों में ढाल दिया।



## तोड़ी है परंपरागत छवि

आज समय बदल चुका है, उसके साथ रिश्तों की भाषा भी बदली है। आज पितृत्व के स्वरूप में परिवर्तन दिखाई देने लगा है। यह परिवर्तन हर जगह एक जैसा नहीं है, लेकिन उसकी मौजूदगी से इंकार नहीं किया जा सकता। अब पिता केवल बच्चों के भविष्य की चिंता भर नहीं करते, वे उनके वर्तमान का भी हिस्सा बनते हैं। पिता यह जानना चाहते हैं कि उनका बच्चा क्या सोचता है, किस बात से डरता है, किस बात पर खुश होता है? नई पीढ़ी के पिता बच्चों से खुलकर बातचीत करते हैं। वे उनके साथ खेलते हैं, उनकी बातें सुनते हैं, उनकी दुनिया को समझने का प्रयास करते हैं। आज के पिता यह सोचते हैं कि केवल सुविधाएं जुटा देना पर्याप्त नहीं है। बच्चों को समय चाहिए, भरोसा चाहिए और ऐसा साथ चाहिए, जहां वे बिना झिझक अपने मन की बात कह सकें।



## अलग रंग लिए है पिता-बेटी का रिश्ता


पिता और बेटी का रिश्ता परिवार के अन्य रिश्तों से कुछ अलग रंग लिए होता है। बेटी अपने पिता के माध्यम से दुनिया के पुरुष समाज को देखना और समझना शुरू करती है। उसके भीतर आत्म-सम्मान, सुरक्षा और अपने अस्तित्व के मूल्य का जो पहला बोध बनता है, उसमें पिता की भूमिका अहम होती है। एक पिता अपनी बेटी के साथ जैसा व्यवहार करता है, वह उसके आत्मविश्वास, संबंधों और जीवन दृष्टि को गहराई से प्रभावित करता है। शायद यही कारण है कि अब बेटियों को पापा की परी कहा जाता है। बहुत-सी बेटियों के लिए पिता केवल अभिभावक भर नहीं, बल्कि ऐसे इंसान हैं, जिन पर वे सबसे ज्यादा भरोसा करती हैं। कई बार वे अपने मन की वो बातें भी पिता से कह देती हैं, जिन्हें कहना सहज नहीं है। दूसरी ओर पिता भी अब तमाम परंपरागत अवधारणाओं से उबर कर अपनी बेटियों के प्रति कोमल भाव संजोए दिखते हैं। उन्हें अपनी बेटी की इच्छाओं को पूरा करने में खुशी मिलती है, उनकी उपलब्धियों पर वे गर्व से भर उठते हैं। बदलते हुए इस दौर में आज के पिता बेटियों को संरक्षण देने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उन्हें अपना स्वतंत्र व्यक्तित्व गढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। आज के दौर में पिता को यह भी समझ में आ गया है कि दुनिया केवल अनुशासन से नहीं, प्रेम और संवेदनाओं से भी फलती-फूलती है।

समाज समयानुकूल बदल रहा है। पिता भी अपनी परंपरागत छवि से उबरे हैं। लेकिन वह वास्तव में कितने बदले हैं, उनका बदलना कितना जरूरी है, एक विवेचन।

# वास्तव में कितने बदले हैं आज के पिता


बदलाव

अलका 'सोनी'



भारत सहित दुनिया भर में पिता की भूमिका तेजी से बदल रही है। पहले जहां 'अच्छा पिता' वही माना जाता था, जो आर्थिक रूप से परिवार को सुरक्षित रखे, वहीं आज अच्छा पिता वो है, जो बच्चों के साथ समय बिताए, भावनात्मक रूप से उन्हें सपोर्ट करे। यूनिसेफ और कई पारिवारिक अध्ययन बताते हैं कि जिन बच्चों के जीवन में पिता सक्रिय रूप से शामिल होते हैं, उनमें आत्मविश्वास, सामाजिक कौशल और मानसिक संतुलन बेहतर पाया जाता है। आज सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी 'हैंड्स-ऑन डैड' की छवि तेजी से उभर रही है। वे अपने बच्चे को खाना खिलाते हुए, स्कूल के लिए तैयार करते हुए, उनके साथ खेलते हुए दिखते हैं, आज ये पिताओं के सामान्य दृश्य बनते जा रहे हैं।

**क्यों जरूरी है इमोशनल फादरहुड:** पैरेंटिंग एक्सपर्ट्स का कहना है कि केवल आर्थिक सुरक्षा बच्चों के स्वस्थ विकास के लिए पर्याप्त नहीं होती है, भावनात्मक सुरक्षा भी जरूरी है। आज की तेज और डिजिटल दुनिया में बच्चे कई मानसिक दबावों से गुजर रहे हैं, जैसे पढ़ाई का तनाव, सोशल मीडिया का प्रभाव, अकेलापन और प्रतिस्पर्धा। ऐसे समय में यदि पिता बच्चों के साथ खुलकर बातचीत करते हैं, उनकी बात सुनते हैं और भावनात्मक समर्थन देते हैं, तो बच्चे अधिक मजबूत बनते हैं। एक अंतरराष्ट्रीय अध्ययन में पाया गया कि जिन बच्चों के पिता नियमित रूप से उनके साथ समय बिताते हैं, उनमें व्यवहार संबंधी समस्याएं कम होती हैं, पढ़ाई में आत्मविश्वास अधिक होता है।



**भारतीय समाज कितना बदला:** हालांकि बदलाव साफ दिखाई दे रहा है, लेकिन विशेषज्ञ मानते हैं कि भारतीय समाज अभी संक्रमण के दौर में है। कई परिवारों में आज भी यह धारणा मौजूद है कि बच्चों की देखभाल मुख्यतः मां की जिम्मेदारी है। ग्रामीण और छोटे शहरों में अभी भी ऐसे पिता कम दिखाई देते हैं, जो खुलकर भावनात्मक जुड़ाव दिखाते हों। 'मर्द को दर्द नहीं होता' जैसी सोच पुरुषों को अपनी भावनाएं व्यक्त करने से रोकती हैं। इसके अलावा लंबे कार्य घंटे, नौकरी का दबाव और डिजिटल व्यस्तता, कई पिताओं को बच्चों के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताने से दूर कर देते हैं। मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि बच्चों के साथ समय बिताने के लिए हमेशा घंटों की जरूरत नहीं होती। यदि पिता रोज कुछ समय पूरी ईमानदारी से बच्चों के साथ बातचीत करें, तो यह रिश्ता गहरा बन सकता है।

विशेषज्ञ यह भी मानते हैं कि पिता यदि घर के छोटे कामों और बच्चों की देखभाल में भाग लेते हैं, तो बच्चे लैंगिक समानता भी सीखते हैं। यह बदलाव केवल परिवारों को नहीं, बल्कि पूरे समाज को अधिक संवेदनशील बना सकता है। क्योंकि जिन बच्चों को बचपन में भावनात्मक सुरक्षा मिलती है, वे बड़े होकर अधिक आत्मविश्वासी और सहानुभूतिपूर्ण इंसान बनते हैं।

## पिता का 'परफेक्ट' नहीं 'उपलब्ध' होना जरूरी

**पैरेंटिंग एक्सपर्ट्स** के अनुसार अच्छे पिता बनने के लिए 'परफेक्ट' होना जरूरी नहीं, 'उपलब्ध' होना जरूरी है। जैसे कि-

- बच्चों की बात बिना टोके सुनें।
- बतौर पिता आप हर दिन कुछ समय केवल अपने बच्चों के लिए जरूर निकालें।
- डांट के बजाय संवाद को प्राथमिकता दें।
- बच्चों की छोटी उपलब्धियों की भी सराहना करें।
- अपनी भावनाएं व्यक्त करने से न हिचकें।
- स्क्रीन टाइम कम करके फैमिली टाइम बढ़ाएं।

स्पेशल: इंटरनेशनल डोमेस्टिक वर्कर्स-डे, 16 जून

डोमेस्टिक हेल्पर यानी घरेलू सहायक रखने से पहले इनकी पुलिस वेरिफिकेशन बहुत जरूरी है। यह सिर्फ आपकी सुरक्षा के लिए ही नहीं, डोमेस्टिक हेल्पर की सुरक्षा के लिए भी जरूरी है। साथ ही इन्हें इसके कई फायदे भी मिल सकते हैं। डोमेस्टिक हेल्पर रखते हुए किन बातों की सावधानियां रखें, बहुत ही जरूरी जानकारी।

# डोमेस्टिक हेल्पर रखने से पहले जरूर बरतें कुछ सावधानियां

अवेयरनेस

डॉ. मोनिका शर्मा



घरेलू काम में मदद की बात हो या बच्चों-बुजुर्गों की देखभाल। अब अधिकतर शहरी परिवारों में डोमेस्टिक हेल्पर (घरेलू सहायक/कामगार) या मेड रखने का चलन है।

**रखते वक्त रहें सतर्क:** घरेलू सहायकों को रखते समय बेहद सतर्क रहने की जरूरत होती है, क्योंकि आए दिन कई खतरनाक और दुःखद घटनाएं सुनाई देती हैं। इसलिए कानूनी नियमों से लेकर डोमेस्टिक हेल्पर के व्यवहार और नागरिकता तक कई पहलुओं पर सही जानकारी लेने की दरकार है। पूरी और सही इंफॉर्मेशन आपकी और आपके परिवार की सुरक्षा से जुड़ी होती है। साथ ही आपकी यह सजगता डोमेस्टिक हेल्पर को एजेंसियों के शोषण और दूसरे कई तरह के डर और अनिश्चितता से भी बचाती है।



**वेरिफिकेशन है जरूरी:** आमजन में अवेयरनेस लाने के प्रयासों के बावजूद कई लोग बिना वेरिफिकेशन, घरेलू कामगार रखते हैं। ऐसे में किसी अनहोनी होने की स्थिति में घरेलू कामगार से जुड़ी सही जानकारी जुटाना मुश्किल हो जाता है। इसीलिए काम पर रखने से पहले लोकल पुलिस स्टेशन में हेल्पर की पुलिस वेरिफिकेशन करवाना न भूलें। जरूरी डॉक्यूमेंट्स जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड आदि की कॉपी भी घरेलू कामगार से मांगें। अपनी मेड, ड्राइवर, कुक, केयर टेकर, बेबी सिटर, माली आदि के इन कागजों को आपका अपने पास रखना बहुत जरूरी है। इस औपचारिकता को परेशानी मानने के बजाय पुलिस स्टेशन जाकर प्रक्रिया पूरी करने की राह चुनें। याद रखें, किसी डोमेस्टिक हेल्पर का अपनी पहचान छुपाकर आपके यहां काम करना, आपके परिवार के साथ ही सोशल, नेशनल सिक्योरिटी से जुड़ा विषय भी है। भविष्य में कोई अनहोनी होने पर बिना वेरिफिकेशन वाले कामगार को रखने के लिए आप भी कानूनी मुश्किल में पड़ सकते हैं।

**सजग रहें-सुरक्षित रहें:** घरेलू कामगार को सम्मान जरूर दें पर व्यवहार को गंभीरता से समझें। उनकी बातों में किसी तरह का बदलाव दिखे तो सचेत हो जाएं। खासकर बिना कोई स्पष्ट कारण बताए छुट्टी लेना, छुपकर फोन पर बतियाना, अपने जानकारों को मिलने बुलाना और अपनी जिंदगी के बारे में हर बार नई बात बताना। ऐसे मामलों में बरती गई सजगता आपको किसी बड़े संकट से बचा सकती है। आपकी सोसाइटी के दूसरे घरों में उसके काम करने के बारे में भी जानकारी लें। उसके फैमिली मेंबर का कॉन्टेक्ट नंबर और घर का पता भी आपके पास होना चाहिए।

**उनकी सुरक्षा और लाभ के लिए भी जरूरी है वेरिफिकेशन:** एंप्लॉयर द्वारा की गई कानूनी औपचारिकताएं खुद घरेलू कामगारों की सुरक्षा से भी जुड़ी होती है। नियमानुसार काम मिलने पर उनका आत्मविश्वास बढ़ता है। उन्हें एजेंसीज या एजेंट्स का कोई भय नहीं रहता। उनसे जुड़ी सही जानकारी लेने से बीमारी या किसी परेशानी के समय उनके परिवार को सूचित किया जा सकता है।



# बच्चों के लिए योग से जुड़ी जरूरी बातें

बच्चों के शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग बहुत जरूरी है। बच्चों को किस उम्र से योग का प्रशिक्षण दिया जाए, उन्हें कितनी देर तक योगाभ्यास करना चाहिए? जानिए, योग प्रशिक्षक से।

बच्चे और योग

अजेश कुमार

योग बच्चों के शारीरिक-मानसिक विकास के लिए अत्यंत लाभकारी होता है। बच्चों को योग सिखाने की सही उम्र क्या है, उन्हें कितनी देर तक योगाभ्यास करना चाहिए, यह जानना जरूरी है। मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान के पूर्व योगाचार्य **उदय जी** के अनुसार, 'अगर आपका बच्चा अभी तक योग नहीं करता है, तो उसे जल्द से जल्द योग सिखाना शुरू करें। योग से बच्चे शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत होते हैं। यह उनकी एकाग्रता, लचीलापन और सहनशक्ति को बढ़ाता है। छोटी उम्र से योग करने से बच्चे जीवन भर स्वस्थ रहते हैं।' उदय जी ने बच्चों को योग सीखने से जुड़ी कुछ जरूरी बातें बताईं, आप भी इनके बारे में जानिए।



**सही उम्र:** बच्चों को योग सिखाने की सही उम्र 4-5 साल मानी जाती है। इस उम्र में बच्चे आसानी से योग की बुनियादी मुद्राएं सीख सकते हैं।

**योग कितनी देर करें:** शुरुआत में बच्चों को 10-15 मिनट तक योग कराना चाहिए। धीरे-धीरे इस समय को बढ़ाकर 20-30 मिनट किया जा सकता है। बच्चों के लिए रोजाना योग करना अच्छा होता है, लेकिन अगर वे हर दिन योग नहीं कर पाते हैं तो सप्ताह में 3-4 दिन भी योग करना पर्याप्त है।

**योग के फायदे:** योग से बच्चों का शारीरिक विकास बेहतर ढंग से होता है। उनकी मांसपेशियां मजबूत होती हैं, शरीर में लचीलापन बढ़ता है। योग से ध्यान केंद्रित करने की क्षमता बढ़ती है, मानसिक शांति भी मिलती है। ध्यान केंद्रित होने से बच्चों की पठन-पाठन क्षमता बढ़ती है।

**इन बातों का रखें ध्यान:** शुरुआत में बच्चों को सरल और आसान योग मुद्राएं सिखाएं। बच्चों के लिए योग को मजेदार बनाएं ताकि वे इसे खुशी-खुशी करें। छोटे बच्चों के लिए योग को खेल के रूप में सिखाना चाहिए, जिससे वे इसे आसानी से और मजे से कर सकें। खेल-खेल में योग करने से बच्चों को आनंद मिलता है, वे आसानी से योग की ओर आकर्षित होते हैं।

स्टार फिटनेस

बढ़ती उम्र में, वर्क स्ट्रेस में भी योग कैसे फिट और एनर्जेटिक बनाए रखता है, बता रही हैं एक्ट्रेस करीना कपूर खान और आलिया भट्ट।

# योग ने दी हेल्दी लाइफ

## मेरे लिए योग सिर्फ एक एक्सरसाइज नहीं, खुद की देखभाल का नायाब तरीका है

### करीना कपूर खान

**मैं तो** यही कहूंगी कि अगर आपकी जिंदगी में योगासन का साथ है तो आप सही दिशा की तरफ चल रही हैं, क्योंकि योग ही एक ऐसी प्रक्रिया है, जो आपके बिखरे हुए लाइफस्टाइल को सही दिशा में ले जाता है। अगर मैं अपनी जिंदगी में योग की अहमियत की बात करूं तो योगासन मेरी भाग-दौड़ भरी जिंदगी में शांति और एकाग्रता का सुख लाता है। मेरे हिसाब से योग ऐसा तरीका है, जो सिर्फ शारीरिक फिटनेस नहीं बल्कि मन, शरीर, हृदय के बीच संतुलन बनाए रखने का काम भी करता है। मैंने अपने एक्टिंग करियर में एक फिल्म में किरदार को निभाने के लिए जीरो फिगर बनाने का जोखिम उठाया था। एक खाती-पीती लड़की के लिए, जो फिल्मों में आने से पहले थोड़ा मोटी भी थी, उसके लिए जीरो फिगर बनाना आसान नहीं था। लिहाजा जीरो फिगर तक पहुंचने के बाद मुझे कुछ शारीरिक कठिनाइयों का भी सामना करना पड़ा, लेकिन जब से मैंने प्रतिदिन योग को अपनी जिंदगी में शामिल कर लिया, इससे मुझे न सिर्फ मानसिक शांति मिली, शारीरिक परेशानियां भी दूर हुईं। मेरे लिए योग सिर्फ एक एक्सरसाइज नहीं है, खुद की देखभाल का नायाब तरीका भी है। सच कहूं तो योग में कई ऐसे प्रकार होते हैं, जो आपको न सिर्फ अच्छा महसूस कराते हैं, बल्कि आप एक आत्म दृढ़ता भी महसूस करती हैं। योग दिवस के अवसर पर मैं यही कहना चाहूंगी, योगासन को स्कूल कॉलेज में भी शामिल किया जाना चाहिए। बच्चों को भी बचपन से ही मजबूत बनाने की प्रक्रिया शुरू होनी चाहिए।



## योग से सिर्फ हेल्थ ही ठीक नहीं रहती पर्सनालिटी भी निखरती है

### आलिया भट्ट

**अपने एक्टिंग** करियर में बहुत ज्यादा बिजी रहने की वजह से मुझे कुछ हेल्थ इश्यूज होने लगे थे, जिसकी वजह से मेरी लाइफ बहुत डिस्टर्ब हो रही थी। इसी दौरान मैंने पावर योगा और योगा की कुछ बेहतरीन टेक्नीक्स के बारे में सुना। लगा कि मुझे भी योगासन शुरू करना चाहिए। जब मैंने रेग्युलर योग करना शुरू किया तो मुझे एहसास हुआ कि योगासन एक इंसान के जीवन को पूरी तरह बदलने की कैपेसिटी रखता है। सच कहूं तो जब आप रेग्युलर योग करती हैं तो सिर्फ आपकी हेल्थ ही ठीक नहीं रहती, आपकी पर्सनालिटी में भी निखार आता है। रोज योग करने से आप अपने आप को खुश और फ्रेश महसूस करती हैं। बता दूं, फिल्मों में आने से पहले मैं बहुत मोटी थी, उस वक्त मेरा वजन 67 से 70 किलो के बीच था। फिल्मों में आने के बाद जब मैंने क्रैश डाइट और ज्यादा एक्सरसाइज की तो मुझे हेल्थ इश्यू होने लगे थे। लेकिन जब से मैंने योग करना शुरू किया है, तब से मैं अंदरूनी तौर पर अपने आप को स्वस्थ और तरोताजा महसूस करने लगी। योग के अलग-अलग फॉर्म्स से बहुत फायदे हुए। जैसे मेडिटेशन से मानसिक तौर पर शांति महसूस करती हूं। सच कहूं तो अपनी बिजी लाइफ में फिट और फाइन रहने के लिए मुझे योग नामक गुरु मंत्र मिल गया है। मैं तो सभी से कहना चाहूंगी कि आपकी जिंदगी आपकी अपनी है। आप जैसे चाहें वैसे जिएं, लेकिन अगर आपने योगासन को अपनी जिंदगी का हिस्सा बना लिया तो आप अपने जीवन में कई सारे अच्छे बदलाव महसूस करेंगी, जैसा मैं महसूस करती हूं।



प्रस्तुतिः आरती सक्सेना

## खबर संक्षेप

### योजनाओं का प्रचार अभियान शिविर शुरू

**गन्नौर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र के नेतृत्व में केन्द्र सरकार 12 वर्ष पूर्ण होने पर जनकल्याणकारी योजनाओं व उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए बीडीपीओ कार्यालय स्थित सभागार में 15 जून से 18 जून 2026 तक व्यापक प्रचार अभियान शिविर शुरू किया गया है। इस प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर नागरिकों को केंद्र एवं राज्य सरकार की जन हितैषी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

### पांच दिवसीय योग शिविर 17 जून से

**गन्नौर।** भारतीय योग संस्थान के तत्वावधान में रेलवे पार्क (अनाज मंडी) गन्नौर में 17 जून से 21 जून तक पांच दिवसीय निःशुल्क मोटापा रोग निवारण योग शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला प्रधान ओमप्रकाश प्रजापति ने बताया कि वर्तमान समय में मोटापा एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या बन चुका है, जो आधुनिक जीवनशैली और अनियमित खानपान का परिणाम है। 21 जून को 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस भी मनाया जाएगा।

### लघु सचिवालय में आज जनसंपर्क कार्यक्रम

**सोनीपत।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 16 जून को लघु सचिवालय स्थित सरल केंद्र में विशेष जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में हरियाणा के सहकारिता, कारागार, निर्वाचन एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा मुख्य अतिथि होंगे।

कार्यक्रम के दौरान केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और पिछले 12 वर्षों की प्रमुख उपलब्धियों पर आधारित विशेष प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

### कर्मचारी यूनियन और प्रशासन आमने-सामने

**सोनीपत।** दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीसीआरयूएसटी), मुरथल में कर्मचारी यूनियन और विश्वविद्यालय प्रशासन के बीच टकराव की स्थिति बन गई है। प्रशासन द्वारा सितंबर तक रैली, रोड शो और सार्वजनिक आयोजनों पर रोक संबंधी सर्कुलर जारी किए जाने के बाद कर्मचारी यूनियन ने 16 जून को प्रस्तावित घेराव एवं ज्ञापन कार्यक्रम को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित करने की घोषणा की है।

---

### योग मैराथन में युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों ने लिया भाग

# स्वस्थ समाज के निर्माण में योग की भूमिका अहम : निखिल

**योगाभ्यास स्वस्थ्य जीवन शैली का आधार, इसे दिनचर्या का हिस्सा बनाएं : विधायक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



सोनीपत। मैराथन में विजेताओं को सम्मानित करते हुए विधायक निखिल मदान साथ में अधिकारीगण।

12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सोमवार को लघु सचिवालय परिसर में जिला स्तरीय योग मैराथन का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन और आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक निखिल मदान ने हरी झंडी दिखाकर किया। मैराथन में युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों, खिलाड़ियों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

विधायक निखिल मदान ने कहा कि योग युक्त और नशामुक्त समाज के निर्माण में योग की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि योग स्वस्थ जीवनशैली का आधार है और प्रत्येक व्यक्ति को इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग को वैश्विक पहचान मिली है और आज पूरी दुनिया में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर योग और खेल गतिविधियों से जुड़ने का आह्वान किया।

मैराथन लघु सचिवालय से शुरू होकर हैबीटेट क्लब रोड, महलाना रोड, तिरंगा चौक और छोटूराम चौक से होते हुए पुनः लघु सचिवालय में संपन्न हुई। प्रतियोगिता के 40 वर्ष तक पुरुष वर्ग में बसंत प्रथम, तनुज द्वितीय और अश्वनी तृतीय रहे। महिला वर्ग में भारती, अंशिका और गुंजन ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में अमित मास्तर, दयानंद और जसबीर खत्री पुरुष वर्ग में विजेता रहे, जबकि महिला वर्ग में प्रोमिला आंतिल प्रथम और मंजीत द्वितीय स्थान पर रहीं। इस अवसर पर डीसीपी नरेन्द्र कादियान, एसडीएम सुभाष चंद्र, डॉ. राम अवतार, मनोज कुमार और डॉ. संजय शर्मा सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।



खरखौदा। योगाभ्यास शिविर में भाग लेते एमएलए पवन खरखौदा व अन्य।

### योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

**खरखौदा।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में योग जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत जग उत्थान खेल शिक्षा समिति एवं प्रताप स्कूल खरखौदा के तत्वावधान में योग प्रशिक्षण कैंप का शुभारंभ किया गया। 15 जून से 20 जून तक पाई, थाना, सिसाना, जटौला व रोहणा में शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसके उपरांत 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर खरखौदा में सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी प्रशिक्षु एवं नागरिक सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक पवन खरखौदा रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि योग हमें परमात्मा से जोड़ने का माध्यम है। योग के अभ्यास से नकारात्मक भाव दूर होते हैं तथा जीवन में सकारात्मकता का संचार होता है। उन्होंने कहा कि योग मनुष्य को मिलनसार बनाता है और आज योग के कारण पूरी दुनिया में भारत का गौरव बढ़ा है। इस अवसर पर स्कूल संचालक सतप्रकाश नंबरदार ने मुख्य अतिथि का पटका पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया।

---

# इस बार तीन योग होने से बढ़ा सोमवती अमावस्या का महत्व : पंडित रामकृष्ण

- सोमावती अमावस्या पर मंत्रोच्चारण के साथ 3 दिवसीय पितृ महायज्ञ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



सोनीपत। मोहन नगर स्थित बगलामुखी विष्णेश्वर महादेव मंदिर चैरिटेबल सोसायटी में पूजन करते आचार्य पंडित रामकृष्ण पाठक व अन्य ब्राह्मण।

मोहन नगर स्थित बगलामुखी विष्णेश्वर महादेव मंदिर चैरिटेबल सोसायटी की ओर से सोमवार को सोमावती अमावस्या पर तीन दिवसीय पितृ महायज्ञ संपन्न किया गया। आचार्य शंकर स्वरूप शास्त्री की अध्यक्षता में 9 ब्राह्मणों ने 3 दिन तक मंत्रोच्चारण के साथ पितृ महायज्ञ किया। तत्श्चात सोमवार को सोमावती अमावस्या के दिन महायज्ञ में पूर्णाहुति डालकर धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किया गया। इस दौरान बगुलामुखी विष्णेश्वर महादेव मंदिर के पुजारी पंडित रामकृष्ण पाठक के नेतृत्व में ब्राह्मणों ने पितृ गायत्री का जप कर पितरों की अक्षय तृप्ति के लिए अनुष्ठान किया गया।

पंडित रामकृष्ण पाठक ने बताया कि इस बार सोमवती अमावस्या तीन योग में मनाई जा रही है। साथ ही पुरुषोत्तम मास, सोमवार व अमावस्या का अद्भुत योग इस दिन के महत्व को बढ़ा रहे हैं। जिसे पितरों के मोक्ष के लिए एवं भगवान विष्णु की प्रसन्नता के लिए बहुत ही सुंदर संयोग माना जा रहा है।

# धर्मार्थ गोशाला सिसाना के प्रधान मनोनीत किए गए राम कंवार दहिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा



खरखौदा। भूपेंद्र ठेकेदार को सम्मानित करते राम कंवार।

धर्मार्थ गौशाला सिसाना में प्रधान पद को लेकर सोमवार को फिर से पंचायत हुई। पूर्व सरपंच कृष्ण दहिया को इसका अध्यक्ष चुना गया। ज्ञातव्य है कि अलग-अलग दिन हुई पंचायतों में प्रधान पद के लिए अलग अलग व्यक्तियों के नामों के प्रस्ताव पारित किए गए थे। महीने भर में कई पंचायतें हुई। परिणामस्वरूप स्थिति स्पष्ट होने की बजाय उलझती चली गई। आखिरकार प्रशासन को हस्तक्षेप करना पड़ा और कहना पड़ा कि या तो 15 जून तक प्रधान पद के लिए एक नाम सहमति बना लें अन्यथा मतदान कराना पड़ेगा। हालात को देखते हुए पुनः पंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें पंचायतियों ने अपने सुझाव प्रस्तुत किए। अंततः तय किया गया कि पंचायत अध्यक्ष जिस किसी के नाम का एलान करेंगे, वह सर्वमान्य होगा। कृष्ण दहिया ने प्रधान पद के लिए राम कंवार दहिया (गढ़ी सिसाना) के नाम की घोषणा की। जनसमूह ने इसका अनुमोदन किया। नव निर्वाचित प्रधान राम कंवार दहिया को पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया। भूपेंद्र ठेकेदार सिसाना ने गौशाला को दान स्वरूप 7 लाख 51 हजार व पवन ठेकेदार गढ़ी सिसाना ने एक लाख 51 हजार रुपए प्रदान किए। इस मौके पर दहिया खाप प्रधान सुरेंद्र बाणिया, जयपाल दहिया, सरपंच जग्गी नंबरदार, पूर्व जिला पार्षद चांद पहलवान, आनंद प्रधान, पूर्व गौशाला प्रधान एवं पूर्व एसीपी महावीर सिंह, रामफल दहिया मटिंडू, शमशेर सिलाना, रोहतास नेता रोहणा, विकास उर्फ विक्की नंबरदार, बिजेंदर ढीलू व अन्य व्यक्ति मौजूद रहे।

---



गोहाना। लोगों की समस्याएं सुनते एसडीएम अंकित कुमार। फोटो : हरिभूमि

## एसडीएम अंकित कुमार ने समाधान शिविर में सुनीं लोगों की समस्याएं

**गोहाना।** सोमवार को उपमंडलीय परिसर में आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम अंकित कुमार ने लोगों की शिकायतें सुनीं। एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपनी जिम्मेदारी के साथ समस्याओं का समाधान करें ताकि लोगों को कार्यालयों के बार-बार चक्कर न काटने पड़ें। शिविर में ग्रामीणों ने पंचायती भूमि से अवैध कब्जा हटवाने, बिजली कनेक्शन जारी करवाने, गली से अवैध कब्जा हटवाने, प्रापर्टी आइडी ठीक कराने और बिजली लाइन मुंडलाना की जगह बडौता के बिजलीघर से जुड़वाने के संबंध में शिकायतें आईं। इस मौके पर तहसीलदार शिखा, नायब तहसीलदार अंजू, एसडीओ कपिल यादव, नरेंद्र लाठर, अशोक कुमार, बीडीपीओ परमजीत, बीईओ लवल किशोर रहे।

# भावड़ ने जीती राष्ट्रीय कबड्डी स्पर्धा

- विधायक इंदुराज नरवाल ने गांव भावड़ में टीन शेड बनवाने की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना



गोहाना। विजेता खिलाड़ियों को आशीर्वाद देते विधायक इंदुराज नरवाल व कमेटी के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

गांव भावड़ में बाबा रतन नाथ कमेटी द्वारा राष्ट्रीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में 22 अंकों के साथ गांव भावड़ की टीम विजेता और 16 अंकों के साथ गांव ढार की टीम उप विजेता बनी। गांव मकड़ौली और भैणी की टीमें संयुक्त रूप से तृतीय रही। विजेताओं को बरोदा हलका के विधायक इंदुराज नरवाल (भालू) ने बतौर मुख्य अतिथि सम्मानित किया।

विधायक ने गांव भावड़ में खिलाड़ियों के लिए टीन शेड बनवाने की घोषणा की। उन्होंने दो साल पहले खिलाड़ियों के लिए मैट भी दिया था। उन्होंने कहा कि शेड के निर्माण के बाद खिलाड़ी बारिश व गर्मी के मौसम में भी आसानी से अभ्यास कर सकेंगे। इसके लिए कोच नरेश बूरा व बाबा रतन नाथ कमेटी ने विधायक का आभार व्यक्त किया। इंदुराज नरवाल ने कहा कि क्षेत्र में खेलों को बढ़ावा देने लिए किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। इस अवसर पर पार्षद रवि इंदौरा, महिला थाना गोहाना की एसएचओ रितु रानी, पूर्व सरपंच रवि, मास्टर दलबीर, कुलदीप भम्भेवा, पंडित चांद, नरेश गंगाना, डीपी सुरेश, पंडित ईश्वर, रघुवीर फौजी, कृष्ण फौजी, जयवीर बूरा और राकेश बूरा उपस्थित रहे।



सोनीपत। सुपरवाइजर्स की बैठक लेते एडीसी। फोटो : हरिभूमि

## मतदाता सूची पुनरीक्षण में लापरवाही न हो

**सोनीपत।** गोहाना विधानसभा के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त अजय चोपड़ा ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 अभियान के तहत बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं के सत्यापन का कार्य शुरू कर दिया गया है, जो 14 जुलाई तक चलेगा। सोमवार को अपने कार्यालय में सभी सुपरवाइजर्स की बैठक लेकर उन्होंने अभियान की समीक्षा की। अजय चोपड़ा ने निर्देश दिए कि सुपरवाइजर नियमित रूप से बीएलओ के कार्यों की निगरानी करें और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि त्रुटिरहित और अद्यतन मतदाता सूची तैयार करना निर्वाचन आयोग की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि प्रारूप निर्वाचक नामावली का प्रकाशन 21 जुलाई को होगा। इसके बाद 21 जुलाई से 20 अगस्त तक दावे और आपत्तियां ली जाएंगी, जबकि अंतिम निर्वाचक नामावली 22 सितंबर 2026 को प्रकाशित की जाएगी। बैठक में निर्वाचन कानूनगो पवन कुमार, सहदेव पाराशर सहित सभी सुपरवाइजर मौजूद रहे।

---

## एसआईआर अभियान शुरू, बीएलओ पहुंच रहे मतदाताओं के घर



गन्नौर। घर पहुंच कर महिला मतदाता से गणना प्रपत्र भरवाते बीएलओ। फोटो : हरिभूमि

**गन्नौर।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सोमवार से विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान की शुरुआत हो गई। अभियान के तहत बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं से गणना प्रपत्र भरवा कर उनका सत्यापन कर रहे हैं। हालांकि गांधीनगर क्षेत्र के कई निवासियों का कहना है कि उनके पास सोमवार को बीएलओ के फोन आए। फोन पर उन्हें बताया गया कि वे निर्धारित स्थान पर पहुंचकर गणना प्रपत्र ले जाएं, उसे भरकर जल्द जमा कराएं। ऐसे में कई लोगों ने सवाल उठाया कि जब अभियान के तहत घर-घर जाकर फार्म भरवाने का प्रावधान है, तो मतदाताओं को फोन कर बुलाया क्यों जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बुजुर्गों और कामकाजी लोगों को इससे परेशानी हो सकती है। वहीं, एसडीएम प्रवेश कादियान के अनुसार एसआईआर अभियान के दौरान सभी पात्र मतदाताओं तक पहुंच सुनिश्चित की जाएगी।

# समाधान शिविर में शिकायतों का अविलंब होता है निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर



गन्नौर। एसडीएम प्रवेश कादियान, तहसीलदार ललिता समाधान शिविर में समस्या सुनते हुए।

सोमवार को उपमंडलीय परिसर गन्नौर में आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम प्रवेश कादियान ने कहा कि प्राप्त शिकायतों का अविलंब निराकरण प्रशासन की प्राथमिकता में सम्मिलित है। समाधान शिविर का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं पारदर्शी समाधान करना होता है।

समाधान शिविर सरकार की जनहितकारी पहल है, जिससे लोगों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं के समाधान की सुविधा मिलती है। जिससे आमजन को लाभ भी पहुंच रहा है। जिससे अन्य जरूरतमंद भी समाधान शिविर के माध्यम से अपनी समस्या का समयबद्ध समाधान करवाने के लिए प्रेरित हो रहे हैं। एसडीएम ने हिदायत दी कि किसी भी स्तर पर अधिकारी/कर्मचारी द्वारा कोई कौताही न बरती जाए। इस अवसर पर अंडर ट्रेनी तहसीलदार देवेन्द्र कुमार, कार्यालय अधीक्षक अशोक कुमार, एसडीई पब्लिक हैल्थ भूपेन्द्र सिंह आदि विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नशा व्यक्ति, परिवार और समाज के लिए घातक : एसीपी



गोहाना। ग्रामीणों को जागरूक करते पुलिस अधिकारी।

**गोहाना।** गांव शामड़ी में पुलिस विभाग द्वारा नशा मुक्ति और साइबर अपराधों से बचाव को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मोहाना जोन के एसीपी देवेंद्र कुमार ने ग्रामीणों, युवाओं और बच्चों को नशे के दुष्परिणामों और साइबर ठगी से बचने के उपायों की जानकारी दी। एसीपी ने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज के लिए घातक है। युवाओं को नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेल और अन्य सकारात्मक गतिविधियों में भाग लेना चाहिए। उन्होंने लोगों से बैंक खाता, एटीएम, ओटीपी, पासवर्ड और अन्य निजी जानकारी किसी भी अनजान व्यक्ति से साझा न करने की अपील की। इंटरनेट मीडिया, फर्जी लिंक, आनलाइन निवेश, डिजिटल अरेस्ट, केवाइसी अपडेट और लाटरी के नाम पर होने वाली ठगी से सतर्क रहने की सलाह दी। सदर थाना के प्रभारी सब्बल सिंह ने ग्रामीणों से संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की।

# स्वच्छ गोहाना के संकल्प के साथ जारी है विशेष सफाई अभियान

- शहर को पूरी तरह से स्वच्छ बनाने के लिए आमजन का सहयोग जरूरी : रजनी विरमानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना



गोहाना। स्वयं खड़े रहकर सफाई करवाते हुए नप चेयरपर्सन रजनी विरमानी। फोटो : हरिभूमि

स्वच्छ गोहाना के संकल्प के साथ नगर परिषद (नप) का विशेष सफाई अभियान निरंतर जारी है। इस अभियान के तहत सोमवार को सोनीपत मोड और परशुराम चौक के आसपास सफाई की गई। नप चेयरपर्सन रजनी विरमानी ने मौके पर खड़े रहकर अपने मार्गदर्शन में सडक़ों, नालियों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों की सफाई करवाई।

रजनी विरमानी ने कहा कि स्वच्छता केवल नगर परिषद की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की भी नैतिक जिम्मेदारी है। जब तक आमजन का सहयोग नहीं मिलेगा तब तक स्वच्छता के प्रयासों को पूर्ण सफलता नहीं मिल सकती। चेयरपर्सन ने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि कूड़ा-कचरा केवल नगर परिषद की कचरा संग्रहण गाडियों में ही डालें तथा सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी न फैलाएं। स्वच्छ वातावरण न केवल शहर की सुंदरता बढ़ाता है, बल्कि नागरिकों के स्वास्थ्य की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

---



गन्नौर। जीआरपी चौकी प्रभारी सुरेश कुमार यात्रियों एवं आमजन को नशे के प्रभावों की जानकारी देते हुए। फोटो :हरिभूमि

## यात्रियों को नशे के दुष्परिणाम बताए

**गन्नौर।** सोमवार को स्थानीय रेलवे स्टेशन पर नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत क जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जीआरपी चौकी प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि इस दौरान यात्रियों एवं आमजन को नशे के प्रभावों की जानकारी देकर नशे से दूर ने का संदेश दिया गया। उपस्थित यात्रियों से संवाद करते हुए सुरेश कुमार ने बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को गंभीर नुकसान पहुंचाता है, बल्कि उसके भविष्य, परिवार और सामाजिक जीवन पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। उन्होंने लोगों से किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने की अपील करते हुए कहा कि अभिभावकों की जिम्मेदारी है कि वे अपने बच्चों को नशे के दुष्परिणामों बारे जागरूक करें और उन्हें गलत संगति से बचाएं। उन्होंने कहा कि युवाओं को सकारात्मक गतिविधियों की ओर प्रेरित करके ही नशा मुक्त समाज का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि यह विशेष जागरूकता अभियान पूरे सप्ताह जारी रहेगा, जिसके माध्यम से अधिक से अधिक लोगों तक नशा मुक्ति का संदेश पहुंचाया जाएगा।

### गुरमुखी एवं गुरबाणी प्रशिक्षण शिविर संपन्न

# बच्चों ने गुरबाणी कीर्तन सुना मोहा मन

**शिविर में 155 बच्चों ने गुरबाणी का प्राप्त किया प्रशिक्षण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



सोनीपत। गुरुद्वारा गुरु कलगीधर सिंह सभा में शिविर के समापन पर गुरबाणी कीर्तन करते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

गुरमत प्रचार स्त्री सत्संग सभा की ओर से मॉडल टाउन स्थित गुरुद्वारा गुरु कलगीधर सिंह सभा में चल रहे 15 दिवसीय गुरमुखी एवं गुरबाणी प्रशिक्षण शिविर का सोमवार को विधिवत समापन किया गया। प्रशिक्षण शिविर का 155 बच्चों ने लाभ उठाते हुए गुरमुखी एवं गुरबाणी का प्रशिक्षण प्राप्त किया। समापन कार्यक्रम में शिविर के प्रतिभागी बच्चों ने गुरबाणी कीर्तन प्रस्तुत कर एवं कविताएं सुनाकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। वहीं गुरुद्वारा साहिब की प्रबंधन समिति ने स्त्री सत्संग सभा के जत्थे को गुरु महाराज की बख्शीश स्वरूप सिरोपा भेंट कर आभार जताया।

गुरुद्वारा साहिब के सचिव प्रभमीत सिंह ने बताया कि शिविर में बच्चों को पंजाबी भाषा के साथ कीर्तन का अभ्यास भी करवाया गया। उन्होंने बताया कि बच्चों को गुरबाणी व गुरु इतिहास से जोड़ने के लिए गुरमुखी का ज्ञान अत्यंत आवश्यक है। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सहयोग से लगाए गए वार्षिक शिविर में कुल 155 बच्चों ने भाग लिया।

**ये रहे मौजूद**

इस दौरान गुरुद्वारा साहिब के प्रधान मंजीत सिंह, हरदीप सिंह सूरी, प्रभमीत सिंह, अजीत सिंह भाटिया, तरसेम सिंह, मनमोहन सिंह, ललित तलवार, हरजीत सिंह, परमजीत सिंह, भाई प्रीतम सिंह, गुरप्रीत सिंह, तजेंद्रपाल सिंह, इंदरप्रीत सिंह, जोगिंद्र सिंह मौजूद रहे।

## बाबा भलेगिरी महाराज की 31 दिवसीय पंचधूनी तपस्या पूरी



गोहाना। बाबा भलेगिरी महाराज को पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए विधायक इंदुराज नरवाल। फोटो : हरिभूमि

**गोहाना।** रिंढाना गांव स्थित माता शीतला मंदिर में सोमवार को सोमवती अमास्या के दिन श्री श्री 1008 बाबा भलेगिरी महाराज की 31 दिवसीय पंचधूनी तपस्या सम्पन्न हो गई। तपस्या के समापन पर बाबा ने श्रद्धालुओं को सुख एवं समृद्धि का आशीर्वाद दिया। बरोदा हलका के विधायक इंदुराज नरवाल भी बाबा भलेगिरी महाराज से आशीर्वाद लेने पहुंचे और भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। महाराज ने मात्र 4-5 वर्ष की आयु में गांव रिंढाना की धरा पर पदार्पण किया था। वे गांव के माता शीतला मंदिर में पिछले 40 वर्षों से गर्मी के मौसम में पंचधूनी तपस्या और सर्दी के मौसम में जलधारा तपस्या कर रहे हैं। इस बार भी बाबा द्वारा 31 दिनों तक पंचधूनी तपस्या की गई। सोमवार को तपस्या के समापन पर भंडारा लगाया गया जिसमें भारी तादाद में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे और बाबा भलेगिरी महाराज से आशीर्वाद लिया। विधायक इंदुराज नरवाल के अनुसार वर्तमान में बाबा भलेगिरी महाराज गांव रिंढाना के अलावा पिंडारा, सरगथल, हेलवा, सोसर, पिहोवा, कसांडी, पिनाना, भरताना, जयसिंहपुरा और दादरी सहित अन्य स्थानों पर डेरों एवं धार्मिक स्थलों का संचालन करते हुए धर्म एवं संस्कृति की मजबूती के लिए काम कर रहे हैं।

# रेलवे स्टेशन पर जल्द यात्रियों का अभिनंदन करेगा स्वागत द्वार, लिफ्ट-एक्सीलेटर की भी सुविधा

## बेस बनाकर खड़े किए लोहे के पिलर, कार्यों पर 29 करोड़ किए जा रहे खर्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

अमृत भारत स्टेशन परियोजना के तहत सोनीपत स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास संबंधी कार्यों के बीच मुख्य प्रवेश द्वार के सामने रेलवे रोड पर स्वागत द्वार आवागमन करने वाले यात्रियों का अभिनंदन करता नजर आएगा।

सिटी पल्स

रेलवे की ओर से स्वागत द्वार का निर्माण करवाने के लिए बेस बनाकर लोहे के बड़े पिलरों को खड़ा करवा दिया गया है। अब जल्द ही इस पर स्वागत संबंधी स्लोगन के बोर्ड लगवाए जाएंगे। इससे शहर के रेलवे स्टेशन का सौंदर्यीकरण व शोभा बढ़ेगी, वहीं रेलवे परिसर का क्षेत्र सुनिश्चित हो सकेगा। उधर स्टेशन परिसर के अंदर निर्माणाधीन नए फुट ओवरब्रिज का निर्माण अब अंतिम चरण में पहुंच चुका है।

### नए फुट ओवरब्रिज की भी जल्द मिल सकती है सौगात



सोनीपत। स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार के पास रेलवे रोड पर स्वागत द्वार बनाने के लिए बेस बनाकर खड़े किए गए पिलर।

बता दें कि ए ग्रेड श्रेणी में शामिल सोनीपत स्टेशन पर स्वागत द्वार निर्माण के साथ यात्रियों को जल्द नए फुट ओवरब्रिज की सौगात मिल सकती है। फुट ओवरब्रिज पर लिफ्ट व एक्सीलेटर का काम जल्द पूरा करवाने के निर्देश दिए गए हैं। नए फुट ओवरब्रिज का निर्माण पूरा करने की जिम्मेदारी जालंधर की कंपनी को सौंपी गई है। कंपनी के कर्मचारी सभी प्लेटफार्म पर लिफ्ट व एक्सीलेटर लगाने का काम तेजी से कर रहे हैं, जबकि फुट ओवरब्रिज पर गोलाकार के शेड व सीढ़ियां बनाने का काम पूरा हो चुका है। लिफ्ट लगाने के लिए पिलर लगवाकर उन्हें इंटीरियर डिजाइन करवाया गया है। साथ ही बिजली संबंधी कार्य भी एक साथ चल रहे हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए एक और 12 मीटर चौड़े फुट ओवरब्रिज के निर्माण पर करीब 4.50 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जा रही है। साथ ही योजना के तहत स्टेशन के सभी प्लेटफार्म पर करीब 36 लाख रुपये से चार लिफ्ट लगवाई जा रही हैं। इससे खासकर बुजुर्ग, महिला यात्रियों के साथ बच्चों को फायदा मिलेगा।

### करीब 40 हजार यात्रियों को मिलेगा लाभ

सोनीपत स्टेशन से रोजाना दिल्ली-अंबाला व गोहाना-जींद रूट पर करीब 40 हजार यात्री आवागमन करते हैं। स्टेशन पर एक दशक में रेल यात्रियों की संख्या में करीब 40 फीसदी तक इजाफा हुआ है। यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं मुहैया करवाने के उद्देश्य से अमृत भारत स्टेशन परियोजना के तहत 29 करोड़ रुपये से विभिन्न पुनर्विकास के कार्य करवाए जा रहे हैं। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आधुनिक सुविधाओं के लिए 6 अगस्त 2023 को वर्चुअल माध्यम से पुनर्विकास की आधारशिला रखी थी।

### कार्यों को जल्द पूरा करने के दिए निर्देश

सोनीपत स्टेशन की शोभा व पहचान बढ़ाने के उद्देश्य से स्वागत द्वार का निर्माण करवाने का निर्णय लिया गया है। अमृत भारत स्टेशन परियोजना के तहत यात्रियों के लिए आवश्यकतानुसार भवन, प्रतीक्षालय, लिफ्ट, एक्सीलेटर जैसी कई सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। सभी कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि यात्रियों को बेहतर आधुनिक सुविधाएं मिल सके।

*-पुष्पेश रमण त्रिपाठी, रेल प्रबंधक (डीआरएम), दिल्ली मंडल*

### जानें क्या बोले शहरवासी

#### शहर की शोभा बढ़ाएगा द्वार



रेलवे स्टेशन पर स्वागत द्वार शहर की शोभा बढ़ाकर अलग पहचान दिलाएगा। फिलहाल स्टेशन पर एक ही फुट ओवरब्रिज होने से ट्रेनों के ठहराव के समय यात्रियों की भीड़ बढ़ जाती है। नया फुट ओवरब्रिज बनने से यात्रियों को सुविधा मिलने के साथ धूप व बारिश से बचाव हो सकेगा। यात्रियों को आसपास लगने वाले फुट ओवरब्रिज से सभी प्लेटफार्म तक पहुंचने में आसानी होगी। एकमात्र फुट ओवरब्रिज की तरफ नहीं दौड़ना पड़ेगा। साथ ही आधुनिक सुविधाओं से स्टेशन को अलग पहचान मिलेगी। *-अंजली, शहरवासी*

#### स्टेशन का पुनर्विकास सराहनीय कदम



सोनीपत स्टेशन का पुनर्विकास सराहनीय कदम है। साथ ही यात्रियों के लिए आधुनिकता के हिसाब से एक्सीलेटर व लिफ्ट की व्यवस्थाएं यात्रियों के लिए कारगर साबित होंगी। हालांकि दैनिक यात्री कई वर्ष से स्टेशन परिसर में खासकर बुजुर्गों व यात्रियों की सुविधा के लिए लिफ्ट, एक्सीलेटर की मांग जल्द पूरी होने जा रही है। यात्रियों को सामान लेकर सीढ़ियां चढ़ने के झंझट से मुक्ति मिलेगी। *-सोनू सिंह, शहरवासी*

## खबर संक्षेप

### एएसआई जसबीर मांडी के पिता मौजीराम का निधन

गन्नौर। बड़ी औद्योगिक क्षेत्र स्थित पुलिस थाना क्षेत्र की सुरक्षा शाखा में कार्यरत एएसआईजसबीर मांडी के पिता 83 वर्षीय मौजीराम घनगस का बीमारी के कारण निधन हो गया। गांव मंडी पानीपत में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके अंतिम संस्कार में विभिन्न सामाजिक संगठनों के अलावा गणमान्य लोगों ने भाग लिया और भगवान से उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की। जसवीर ने बताया कि उनके पिता की तेरहमी गांव मांडी पानीपत में 21 जून को होगी।



### मोबाइल लौटाकर पेश की ईमानदारी की मिसाल

सोनीपत। गांव रायपुर निवासी रणबीर सिंह ने ईमानदारी और सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय देते हुए एक खोया हुआ मोबाइल उसके वास्तविक मालिक को लौटाकर मिसाल पेश की। जानकारी के अनुसार सेक्टर-7 स्थित जिमखाना क्लब के पास उन्हें एक मोबाइल फोन मिला था। फोन चालू होने पर उसके मालिक का पता लगाने का प्रयास किया।

## तकनीकी खामियों के चलते सौंदर्यीकरण की योजना अधर में लटकी

# रेलवे रोड के लिए मंगवाई डेकोरेटिव लाइटों से सजेंगी सेक्टर 14 की सड़कें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नगर निगम ने शहर के रेलवे रोड पर सौंदर्यीकरण को बढ़ावा देने के लिए गुरुग्राम से मंगवाई गई डेकोरेटिव लाइटों से अब सेक्टर-14 की सड़कों पर सजाने का निर्णय लिया है। लाइटों लगाने के लिए पोल खड़े कर दिए गए हैं। उधर योजना अड़चनों से घिरने के बाद रेलवे रोड मार्ग को डेकोरेटिव लाइटों से जगमग करने के सपने अधूरे रह गए हैं। मार्च माह में रेलवे रोड को सजाने की योजना तैयार करने के बावजूद अधिकारी इस पर खरे नहीं उतर पाए हैं। इस बीच निगम ने अब शहर के व्यस्त रेलवे रोड पर सीधे पोल वाली स्ट्रीट लाइटों को लगवाने के साथ पुरानी लाइटों की मरम्मत करवाने का निर्णय लिया है, ताकि रात के समय वाहन चालकों को आवागमन में सुविधा मिल सके। बता दें कि नगर निगम ने मार्च माह में रेलवे रोड की सुंदरता को चार चांद लगाने के लिए योजना तैयार की थी। इसके बाद अप्रैल माह में 33 लाख रुपये खर्च कर गुरुग्राम से 90 वॉट की 36 एलईडी डेकोरेटिव लाइटों को मंगलवाया गया था, जिन्हें रेलवे स्टेशन से गीता भवन चौक तक लगवाया जाना था। साथ ही नगर निगम ने निर्णय लिया था कि अगर इन लाइटों का प्रयास रेलवे रोड पर सफल होता, इसी तर्ज पर शहरभर को डेकोरेटिव लाइटों से सजाया जाना था। हालांकि निगम तकनीकी खामियों के चलते अपने पहले ही प्रयास में ही असफल रहा।



सोनीपत। सेक्टर-14 में चिंतपूर्णी मंदिर रोड पर डेकोरेटिव लाइटों के लगवाए गए पोल।

### कार्यप्रणाली पर सवाल उठे, तो बदली जगह

जब शहरवासियों ने अधिकारियों की योजना व निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए, तो निगम अधिकारियों ने रेलवे रोड पर डेकोरेटिव लाइटें लगाने का काम अधर में लटकने के बाद आपस में योजना पर काफी विचार-विमर्श किया। बैठक में अधिकारियों की ओर से कई सुझाव रखे गए। इसमें सड़क पर पोल को करीब दो फीट आगे लगाकर लाइटों को लगवाने का सुझाव भी शामिल था, लेकिन यह योजना भी सिरे नहीं चढ़ पाई। पोल सड़क पर दो फीट आगे लगाने से व मार्ग की चौड़ाई पर असर पड़ने से वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी झेलनी पड़ती। साथ ही दिनभर जाम की स्थिति बनी भी रहती। ऐसे में निगम अधिकारियों ने सेक्टर-14 में लाइटों को लगवाने का स्थान निर्धारित किया।

### शुभारंभ के बाद रुका काम

उधर विधायक निखिल मदान के 5 अप्रैल को रेलवे रोड पर डेकोरेटिव लाइटें लगवाने के कार्य का शुभारंभ के बाद 8 मीटर लंबे डिजाइन नुमा पोल स्थानीय दुकानों के छज्जों, भवनों के लेंटर से सटने जैसी खामियों के चलते काम को अधर में छोड़ दिया था। इसके बाद करीब एक माह तक डेकोरेटिव लाइटें लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में खुले में धूल फांकती रही। साथ ही अधिकारियों पर बिना साइट का निरीक्षण किए योजना बनाने जैसे आरोप लगे थे। इसके चलते निगम ने लाइटों को सेक्टर-14 में चिंतपूर्णी मंदिर रोड पर लगवाने का निर्णय लिया है।

### अब पहले की तरह सीधे पोल वाली लाइटों को ही लगवाया जाएगा

नगर निगम ने डेकोरेटिव लाइटों पर चर्चा करने के बाद लोगों की सुविधा के लिए सेक्टर-14 में इन्हें लगवाने का निर्णय है। लाइटें लगवाने के लिए पोल खड़े कर दिए गए हैं। रेलवे रोड पर अब पहले की तरह सीधे पोल वाली लाइटों को ही लगवाया जाएगा। साथ ही खराब लाइटों को दुरुस्त करवाया जाएगा। डेकोरेटिव लाइटें लगवाने की कार्ययोजना में किस स्तर पर लापरवाही बरती गई है, इस पर भी जांच चल रही है।

*-अजय निराला, एक्सईएन, नगर निगम, सोनीपत।*

## न्यूज डायरी

### कार्तिक राठी का फ्लाइंग ऑफिसर बनकर गांव आने पर विधायक व ग्रामीणों ने किया सम्मान



गन्नौर। भारतीय वायु सेवा में फ्लाइंग अफसर बनकर अपने गांव राजलूगढ़ी में लौटने पर ग्रामीणों ने अपने लाडले का जोश व उत्साह से स्वागत किया और ढोल नगाड़ा के साथ कार्यक्रम स्थल तक लेकर आए। ग्रामीणों ने अपने लाडले का फूलों व नोटो की माला से स्वागत किया। सम्मान समारोह में गन्नौर विधायक देवेंद्र कादियान मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। इसके अलावा भाजपा नेता आजाद सिंह नेहरा, कांग्रेस नेता राजेश पहलवान पुरखास, गांव के सरपंच के अलावा भारी संख्या में लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर ग्रामीणों एवं आयोजकों ने विधायक का फूलमालाओं और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इसके बाद विधायक देवेंद्र कादियान ने कार्तिक राठी को सम्मानित करते हुए कहा कि कार्तिक राठी ने परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के बल पर यह सफलता हासिल की है। भाजपा नेता आजाद नेहरा ने कहा कि सेना में अधिकारी बनना केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं बल्कि पूरे परिवार, गांव और क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। कांग्रेस नेता राजेश पहलवान पुरखास ने कहा कि युवाओं से राष्ट्र सेवा की भावना के साथ अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर मेहनत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर बिजेंद्र,सरपंच, सावन सरपंच, अनिल चेयरमैन,दिलबाग सिंह, सुनील कुमार, जिले सिंह, प्रेम सिंह, राजेंद्र, सुमेर सिंह, जगदीप, जगबीर, धर्मसिंह, वेद आदि मौजूद रहे।

### सोमवती अमावस्या पर भंडारे में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



राई। गांव जाट जोशी में सोमवती अमावस्या पर कृष्ण हुड्डा द्वारा आयोजित विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में पहुंचे समाजसेवी पुनीत राई ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आपसी भाईचारे और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। विकास त्यागी ने कहा कि भंडारे भारतीय संस्कृति और सेवा भाव की पहचान हैं, जिनसे समाज में एकता का संदेश जाता है। राकेश कौशिक ने कहा कि धार्मिक आयोजनों से नई पीढ़ी को संस्कार और सामाजिक जिम्मेदारियों की प्रेरणा मिलती है। राकेश त्यागी ने कहा कि सेवा और परोपकार की भावना ही समाज को आगे बढ़ाने का कार्य करती है। कार्यक्रम में जयवीर, अंकित हुड्डा, प्रदीप हुड्डा, सतपाल मलिक, साहब सिंह, रोहतास, अभिषेक वाल्मीकि, रूपेश वाल्मीकि, सुनील हुड्डा और अरुण चौहान सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### 6 वर्षीय वेदिका ने 20 किलोमीटर दौड़ पूरी कर सबको किया हैरान



सोनीपत। महज 6 वर्ष की वेदिका ने अपनी शानदार उपलब्धि से सभी को प्रभावित किया है। वेदिका ने कुंडली बॉर्डर से रामजस स्कूल, सोनीपत तक लगभग 20 किलोमीटर की क्रॉस कंट्री दौड़ एक ही बार में पूरी कर मिसाल पेश की है। इतनी कम उम्र में इतनी लंबी दूरी तय करना आसान नहीं माना जाता, लेकिन वेदिका ने पूरे आत्मविश्वास और हौसले के साथ यह चुनौती पूरी की। दौड़ के दौरान उसने लगातार अपनी गति बनाए रखी और बिना रुके लक्ष्य तक पहुंची। वेदिका की इस उपलब्धि से उसके परिवार, स्कूल और क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है। स्थानीय लोगों और खेल प्रेमियों ने उसकी सराहना करते हुए उसे अन्य बच्चों के लिए प्रेरणा बताया है। परिजनों के अनुसार वेदिका की सफलता में उसके दादा वेदपाल सिंह अहलावत, दादी तथा कोच वीरेंद्र गोलियां का विशेष योगदान रहा है। वेदिका ने साबित कर दिया कि मेहनत, अभ्यास और मजबूत इरादों के सामने उम्र कोई मायने नहीं रखती।

### रोजगार मेले में 72 युवाओं को मिली नौकरी

सोनीपत। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे विशेष प्रचार अभियान के तहत जिला रोजगार कार्यालय द्वारा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) सोनीपत में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया, जहां विभिन्न निजी कंपनियों ने साक्षात्कार लेकर योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया। जिला रोजगार अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि एलआईसी, एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, पुखराज हेल्थकेयर और रामाया हेल्थकेयर सहित कई प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया। रोजगार मेले में कुल 72 युवाओं को विभिन्न पदों के लिए नौकरी के अवसर मिले। उन्होंने बताया कि युवाओं को रोजगार से जोड़ने और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से ऐसे मेले नियमित रूप से आयोजित किए जाते हैं। मेले के दौरान प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना की जानकारी भी दी गई।



## ओमैक्स सिटी आरडब्ल्यूए ने बिल्डर के खिलाफ खोला मोर्चा, 28 जून को धरने का किया ऐलान

### सीवर ओवरफ्लो, बिजली-पानी और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

ओमैक्स सिटी रैजिडेंट वैल्फेयर एसोसिएशन की रविवार को हुई आपात बैठक में ओमैक्स बिल्डर के खिलाफ आंदोलन का बिगुल फूंक दिया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि यदि लंबित समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो 28 जून को बिल्डर के खिलाफ धरना दिया जाएगा। आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों बिजेंद्र शर्मा, अनिल शर्मा, धूप सिंह, अनीता व जिजेंद्र आदि ने आरोप लगाया कि ओमैक्स सिटी में लंबे समय से मूलभूत सुविधाओं की स्थिति खराब बनी हुई है। कॉलोनी की सड़कों पर सीवर का पानी भरा रहता है, जिससे निवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार शिकायत करने के बावजूद कंपनी की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। बैठक में यह भी आरोप लगाया गया कि जिला नगर योजनाकार और हरियाणा सरकार के मुख्य सचिव के आदेशों की भी अनदेखी की जा रही है। आरडब्ल्यूए के अनुसार आदेशों में स्पष्ट कहा गया था कि जब तक कम्युनिटी साइट्स और ग्रीन एरिया का विकास पूरा नहीं हो जाता, तब तक कंपनी की अविकसित और खाली जमीन फ्रीज रहेगी। इसके बावजूद कंपनी कथित रूप से अविकसित भूमि पर प्लॉट विकसित करने की प्रक्रिया में जुटी हुई है। पदाधिकारियों ने कहा कि अवैध गेट बंद करने, बिजली-पानी,सिक्योरिटी, टूटी सड़कों और हॉर्टिकल्चर से जुड़ी समस्याएं भी लगातार बनी हुई हैं। कंपनी को बार बार अवगत कराने के बावजूद सकारात्मक कदम नहीं उठाए गए। आर. डब्ल्यू.ए. ने निर्णय लिया कि 28 जून तक मुख्यमंत्री, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और संबंधित विभागों के अधिकारियों से मिलकर शिकायत की जाएगी।



राई। आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों बिजेंद्र शर्मा, अनिल शर्मा, धूप सिंह, अनीता व जिजेंद्र आदि आंदोलन को लेकर बैठक करते हुए।

### ठेकेदारों को चेतावनी, एक सप्ताह में सुधारें स्थिति

सोनीपत। नगर निगम मेयर राजीव जैन ने सीवर लाइन का आप्रेशन एवं मेंटेनेंस देख रहे ठेकेदारों को सख्त चेतावनी दी है कि एक सप्ताह में स्थिति सुधारों वर्ना सख्त कार्यवाही की जाएगी, इस पर ठेकेदारों ने आश्वासन दिया कि रात को मैन लाइन की सफाई करेंगे और दिन में गली मोहल्लों की शिकायतों को दूर करेंगे। दरअसल सीवरेज की चरमराती व्यवस्था के मद्देनजर नगर निगम की तरफ से मेसर्स केतन इंटरप्राइजेज को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया था जिस पर कंपनी के मालिक केतन आनंद पूरी टीम के साथ नगर निगम पहुंचे। बैठक में नगर निगम आयुक्त हर्षित कुमार तथा कार्यकारी अभियंता राहुल पुनिया ने कहा कि सारा दिन निगम में सीवर की शिकायतों का अम्बार लगा रहता है। राजीव जैन ने कहा कि कई कालोनियों में काफी लम्बे समय से सीवर जाम होने की समस्या बनी हुई है, उन्होंने ठेकेदारों को लताड़ लगाते हुए कहा कि एक वर्ष में समस्या ज्यों की त्यों खड़ी है तो समाधान कब तक होगा।


हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9653530209, 9253681005, 9253681010



मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5X8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028


### चेयरमैन बनने पर देवेन्द्र पांचाल सम्मानित



गोहाना। प्रदेश सरकार में हरियाणा स्टेट को-ऑपरेटिव लेबर एंड कंस्ट्रक्शन फेडरेशन के चेयरमैन नियुक्त होने पर देवेन्द्र पांचाल को भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष मुकेश रोहिल्ला ने सम्मानित किया। देवेन्द्र पांचाल भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री हैं। अब उनको प्रदेश सरकार में हरियाणा स्टेट को-ऑपरेटिव लेबर एंड कंस्ट्रक्शन फेडरेशन का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। भाजपा ओबीसी मोर्चा की जिला गोहाना इकाई के अध्यक्ष मुकेश रोहिल्ला ने देवेन्द्र पांचाल के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होकर उनको सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार समाज के हर वर्ग के हितों को ध्यान में रखते हुए काम कर रही है। केन्द्र व प्रदेश में जब से भाजपा ने सत्ता की कमान संभाली है तब से समाज का हर वर्ग खुश है। इस अवसर पर उन साथ में सुभाष दांगी, राजू पटवा, अजय स्वामी व संदीप भी मौजूद रहे।

## कई शिकायतों का मौके पर हुआ निवारण, लोगों को मिली राहत

# समस्याएं लेकर जनता दरबार में पहुंचे लोग विधायक ने अफसरों को दिए समाधान के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

गन्नौर विधायक देवेंद्र कादियान ने सोमवार को अपने निजी कार्यालय में जनता दरबार आयोजित कर क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं। सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक चले जनता दरबार में विभिन्न गांवों और शहर से आए लोगों ने अपनी व्यक्तिगत एवं जनहित से जुड़ी समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं। विधायक ने एक-एक व्यक्ति की शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों से फोन पर बातचीत कर समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए। कई मामलों का मौके पर ही निपटारा भी किया गया। जनता दरबार के दौरान दतौली गांव के लोगों ने दतौली-बुढाना रोड पर बनी बस्ती की गलियों को पक्का कराने की मांग रखी। ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के मौसम में गलियों में जलभराव और कीचड़ के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं भांवर और रसूलपुर गांव के किसानों ने खेतों तक जाने वाले रास्तों को पक्का कराने की मांग की। विधायक ने गांव चिरस्मी में 48.41 लाख रुपये की लागत से निर्माणाधीन बैंक्वेट हॉल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि परियोजना का लगभग 40 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। विधायक ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित एजेंसी को निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए।



गन्नौर। विधायक देवेंद्र कादियान जनता दरबार में लोगो की समस्याएं सुनते हुए।